महाविद्यालय की छात्रा ने राष्ट्रीय एकता शिविर में लिया हिस्सा

शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर के बीएससी भाग एक की छात्रा रिया सिह ने भारत के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में लिया हिस्सा इस शिविर का सफल आयोजन राम चंद्र मिशन आश्रम परिसर अमलेश्वर रायपुर में हुआ कार्यक्रम की मेजबानी पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के द्वारा की गई इस शिविर में विभिन्न राज्यों के स्वयं सेवकों ने हिस्सा लिया तथा अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से एक-दूसरे के विचारों संस्कृति को समझने का अवसर मिला शिविर में स्वयंसेवकों में समाज सेवा की भावना विकसित करने के लिए विभिन्न गतिविधि के माध्यम से प्रेरित किया गया तथा स्वयं सेवकों के चेहरे पर समाज के लिए कर गुजरने की भावना झलक रही थी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएस अग्रवाल ने समाज सेवा के लिए निरंतर आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी।